# खुद को ए.टी.एस. का अधिकारी बताकर ठगी करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

## रामगंज थाना पुलिस ने आरोपी ऋषभ अजमेरा को गुड़गांव से दबोचा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। रामगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऐसे एक शातिर ठग को गुड़गांव से पकड़ा है, जो खुद को एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (ए.टी.एस.) में अधिकारी बताता था। फिर लोगों को अपने जाल में फांसता और फिर सेल्फ ड्राइविंग के लिए ऑनलाइन बुक की गई रेंटल कार को खुद की बताकर बेच देता था। पुलिस की टीम गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि रामगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ठगी के मामले में आरोपी ऋषभ अजमेरा (40) निवासी गुंटूर आंध्र प्रदेश हाल सिरसी रोड बिंदायका को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में फेक डॉक्यूमेंट से रेंटल कार को बेचने का मामला रामगंज थाने में दर्ज हुआ था।



रामगंज थाना पुलिस ने शातिर ठग को गुड़गांव से गिरफ्तार करते हुए कार जब्त की।

- सेल्फ ड्राइविंग के लिए ऑनलाइन बुक की गई रेंटल कार को खुद की बताकर बेच देता था।
- आरोपी ने किराए की कार का जयपुर निवासी व्यक्ति से 7.40 लाख रुपए में सौदा किया था

इसके बाद थानाधिकारी देवेन्द्र प्रताप के नेतृत्व में टीम ने मोबाइल लोकेश के आधार पर गुड़गांव के इफ्को चौक से आरोपी ऋषभ अजमेरा को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने खुद को ए.टी.एस. अधिकारी बताकर लोगों से मिलकर अपने जाल में फांसना बताया। सेल्फ ड्राइविंग के लिए ऑनलाइन ली रेंटल कार को ऑनर बनाकर बेच कर ठगी करना स्वीकार किया। थानाधिकारी देवेन्द्र प्रताप ने बताया कि घाटगेट बाजार रामगंज निवासी जावेद जोया (25) ने 5 जनवरी को मामला दर्ज करवाया था कि करीब 4-5 महीने पहले साथ क्रिकेट खेलने पर ऋषभ अजमेरा से मुलाकात हुई थी। जान-पहचान के दौरान उसने खुद को एटीएस में अधिकारी होना बताया। उसके साथ ही गाड़ियों की खरीद-फरोख्त व कमीशन का भी काम करना बताया। रिषभ अजमेरा ने वॉट्सऐप कॉल कर उसकी पोस्टिंग गुड़गांव में होना बताया। इसके कारण उसकी कार को बेचने के बारे में बताया। कार की फोटो व डॉक्यूमेंट वॉट्सऐप पर भेजकर सौदा 7.40 लाख रुपए में तय किया। कार लेकर जयपुर आने की कहने पर ऋषभ अजमेरा ने सरकारी काम में व्यस्त होना बताया। उसे पैसे लेकर गुड़गांव आने के लिए बुलाया। दोस्त के साथ वह कार लेने गुड़गांव पहुंचा। कीया कार पसंद आने पर डॉक्यूमेंट लेकर 7.40 लाख रुपए दे दिए। कार लेकर जयपुर आकर आरटीओ ऑफिस में नाम ट्रांसफर कराने गए तो कार के डॉक्यूमेंट फर्जी होने का पता चलने पर रिषभ अजमेरा से सम्पर्क किया। हर बार संपर्क करने पर नया बहाना बनाकर टालमटोल करता। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने मेल आईडी के जरिए दो दिन के लिए सेल्फ ड्राइविंग के लिए किया कार बुक करवाई थी। कार लेने नहीं जाने पर कंपनी का वर्कर उसके पास आकर कार और डॉक्यूमेंट दे गया। कार को जावेद जोया को बेच कर रुपए ले लिए। उसके बाद ऑनलाइन दूसरी कंपनी से ब्रिजा कार लेकर बेचना चाहता था। जिसकी फोटो जावेद जोया को भी भेजी थी। इससे पहले क्रेटा कार को सांभर लेक जयपुर में एक व्यक्ति को बेचना तय हुआ। उस व्यक्ति से 70 हजार रुपए लेकर कार नहीं दी।

# मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले पांच बदमाश गिरफ्तार

## जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने मानसरोवर, मुरलीपुरा, रामगंज, विश्वकर्मा और चित्रकूट इलाके में कार्रवाई की



**जयपुर** (कासं)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" अभियान के तहत मानसरोवर, मुरलीपुरा, रामगंज, विश्वकर्मा और चित्रकूट थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा-स्मैक की तस्करी करने वाली एक महिला सहित पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

वहीं पुलिस ने मौके से आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 50 मिलीग्राम, गांजा 653.52 ग्राम, बिक्री की राशि 21 हजार रुपये सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन (बाइक) भी बरामद की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू

- आरोपियों के कब्जे से 50 मिलीग्राम स्मैक, 653 ग्राम गांजा और 21 हजार रु. जब्त किए

जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने मानसरोवर, मुरलीपुरा, रामगंज, विश्वकर्मा और चित्रकूट थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा-स्मैक की तस्करी करने वाली पूजा सांसी (40) निवासी कोलारी जिला धौलपुर हाल मानसरोवर, सुरेश सांसी (19) निवासी बरौनी जिला टोंक हाल प्रतापनगर जयपुर, फिरोज खान (42) निवासी गोविंदगढ़ जिला जयपुर हाल विधाधर नगर जयपुर, शोएब (24) निवासी घाट गेट रामगंज जयपुर,दीपक गुप्ता (31)निवासी बीरपुर जिला बेगुससहाय (बिहार) और जितेन्द्र प्रसाद कुमावत (28) निवासी दूदू जिला जयपुर को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 50 मिलीग्राम, गांजा 653.52 ग्राम, बिक्री की राशि 21 हजार रुपये सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन जब्त की है। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

# जे.के.के में हास्य नाटक "द सुसाइड" का मंचन

## नाटक का संदेश था कि 'सुसाइड समस्या का हल नहीं, खुद ही करनी होगी अपनी मदद'

**जयपुर** (कासं)। जवाहर कला केन्द्र की पाक्षिक नाट्य योजना के अंतर्गत रविवार को हास्य नाटक "द सुसाइड" खेला गया। युवा नाट्य निर्देशक सैफ़ अंसारी के निर्देशन में होने वाले नाटक की कहानी निकोलाई एर्डमन ने लिखी है, जिसका नाट्य रुपांतरण मैड वन थिएटर ट्रस्ट ने किया है।

यह नाटक ऐसे महत्वाकांक्षी युवा की कहानी पर आधारित है जो अपने सपने पूरा करना चाहता है,

- नाटक में हास्यात्मक व्यंग के जरिए लोगों के स्वार्थपूर्ण रवैये पर कटाक्ष किया गया है।



जवाहर कला केन्द्र में रविवार को हास्य नाटक "द सुसाइड" खेला गया।

हताशा मिलने पर वह आत्महत्या का विचार करता है लेकिन जब लोग उसकी मौत का भी फायदा उठाने की सोचते है तो वह संतोष पूर्ण जीवन की ओर बढ़ता है। नाटक में हास्यात्मक व्यंग के जरिए लोगों के स्वार्थपूर्ण रवैये पर कटाक्ष किया गया है।

सैफ़ अंसारी ने नाटक की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1928 में रूस में यह नाटक लिखा गया लेकिन जोसेफ स्टालिन ने इसे बैन कर दिया और 40 साल तक नाटक खेला नहीं गया। 1960 में इंग्लैंड में पहली बार अंग्रेजी में नाटक का मंचन हुआ। 2019 में इसका हिंदी अनुवाद किया गया। नाटक का यह 21वां शो रहा। जयपुर में यह पहली बार खेला गया। मुख्य पात्र सैम जो अपनी पत्नी और सास के साथ रहता है। दोनों ही महिलाएं कामकाजी है, अपने भविष्य और काम को लेकर सैम अभी भी चिंतित है। इसी बीच म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट टुबा बजाने की इच्छा उसके मन में प्रकट होती है। इस काम में भी असफल होना उसे इस कदर अखरता है कि वह सुसाइड करने की सोचता है। पत्नी और सास के ताने आग में घी का काम करते हैं। मुझे सिर्फ सत्ता नहीं सताती, तुम भी सताती हो, मेरी मौत का तुम्हें बड़ा अफसोस होगा, मेरी कब्र की एक झलक पाने को तुम्हें लंबी-लंबी कतारों से गुजरना होगा।

सैम सोचता है कि सभी समस्याओं का अंत अब सुसाइड ही है। सैम का पड़ोसी एलेक्स इस बात का फायदा उठाता है और अलग-अलग वर्ग के लोगों से सैम की जान का सौदा कर बैठता है। कोई राजनीतिक प्रतिनिधि है तो कोई तथा कथित धर्मगुरु तो कोई सामाजिक संगठन का व्यक्ति सब सैम की मौत को भुनाने की सोचते हैं। इसके बदले में एलेक्स सभी से धन भी ले लेता है। यह सभी लोग सैम को अपने लिए जान देने को उकसाते है जिससे वह उसकी मौत का खुद के लिए महिमा मंडन कर सके। सैम स्थिति को भांपते हुए मरने का नाटक करता है। सभी लोग सैम की आलोचना करते हैं और अपनी योजना पर पानी फिरने से माथा पीटते हैं।

सभी की सच्चाई सैम के सामने आती है तो उसे जिंदगी का महत्व पता लगता है, सुसाइड नहीं मुझे खुद ही करनी होगी अपनी मदद इसी भावना के साथ वह सामान्य जीवन की ओर अग्रसर होता है। सैम का किरदार खुद सैफ़ अंसारी ने निभाया। अन्य कलाकारों में जितेन्द्र हुड्डा, अल्ताफ हुसैन, साहिल वैद्य, पूजा, आशुतोष, रूपल, वैभवी, शिखा मल्होत्रा, आलोक, रज़िउल हसनेन शामिल है। हर्षित भारद्वाज ने संगीत संयोजन और निखिल शर्मा ने प्रकाश व्यवस्था संभाली।

## चोरों ने किया युवती का अपहरण

**जयपुर**। बस्सी थाना इलाके में चोरों ने एक युवती को अपहरण कर ले जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि परिजनों ने बेटी को बोलेरो में उठाकर ले जाते बदमाशों को देखा और साथ ही अलमारी में रखे 2.50 लाख रुपये और जेवर भी गायब मिले। युवती के पिता ने गुमशुदगी दर्ज करवाई है। वहीं पुलिस वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाल रही है।

पुलिस ने बताया कि बस्सी इलाके में रहने वाले व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि वह पत्नी व दो बेटियों के साथ रहते हैं। जहां गत दिनों पहले रात को परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर अपने-अपने कमरे में सो गए। देर रात छोटी बेटी को आवाज सुनाई दी। जो उठकर देखने पर उसकी 18 वर्षीय बेटी कमरे में नहीं थी। मकान का गेट खुला देखकर छोटी बेटी ने माता-पिता को जगाया। घर से बाहर निकल कर देखने पर एक सफेद कलर की बोलेरो गाड़ी में कुछ बदमाश बेटी को बैठाकर ले जाते दिखाई दिए। पुलिस कंट्रोल रूम को तुरंत बेटी के अपहरण कर ले जाने की सूचना दी। घर की अलमारी संभालने पर लॉक टूटा मिला। अलमारी में रखा सोने का हार और 2.50 लाख रुपए गायब थे। आरोप है कि जिन बदमाशों ने घर में चोरी की है, वह बेटी का अपहरण कर ले गए।

# जाट समाज ने किया 1000 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान





वीर शिरोमणी महाराजा सूरजमल अंतर्राष्ट्रीय जाट प्रतिभा सम्मान समारोह में होनहारों को ट्रॉफियां दी गई।

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में रविवार को 12वां वीर शिरोमणी महाराजा सूरजमल अंतर्राष्ट्रीय जाट प्रतिभा सम्मान समारोह हाथोज स्थित न्यू हवाईजहाज वाटरपार्क परिसर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक जाट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया और इस अवसर पर जाट महिला राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

कार्यक्रम आयोजक वीरेन्द्र चौधरी ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता राजस्थान मानवाधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष एच.आर.कुडी ने की, जबकि एजुकेशन हब के निदेशक रामनिवास ढाका मुख्य अतिथि एवं राजेंद्र सिंह चौधरी, शिवभगवान नागा एवं प्रभाती लाल जाट आदि विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद थे। कार्यक्रम का आग़ाज़ द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जज राजेंद्र चौधरी, भारतीय एजुकेशन हब लक्ष्मणगढ़ रामस्वरूप महला, सनराइज एजुकेशन हब नेछवा नंदकिशोर ढाका एवं विकास चौधरी भी मौजूद थे।

इस प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रशासनिक सेवा, न्यायिक सेवा, खेलों के क्षेत्र में राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय पदक विजेता, सामाजिक सरोकारों, अन्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक हजार से ज्यादा प्रतिभाओं एवं भांकरोटा गैस हादसा के देव दूत शेरा चौधरी का भी विशेष सम्मान किया गया। समारोह में सीआईडी में निरीक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी वर्षा जाखड़ तथा अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सुनीता जाखड़ एवं सीकर की सुनीता सहित कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस समारोह में पूरे राजस्थान से जाट समाज के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

वीरेन्द्र चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में देश भर से 24 टीमों ने भाग लिया एवं इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मैडल, प्रशस्ति पत्र, साफ़ा एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं मौजूद रही।

# जोबनेर में लाठी और डंडों से पीट-पीटकर युवक की हत्या

**जयपुर** (कासं)। जयपुर ग्रामीण जिले के जोबनेर इलाके में शनिवार देर रात को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर एक युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि हमलावर तीन गाड़ियों पर सवार होकर आए थे और युवक पर लाठी-डंडे से हमला कर बेहोश होने पर लहूलुहान हालत में रोड किनारे छोड़कर भाग गए। सूचना मिले पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया। जहां रविवार सुबह उसकी इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

थानाधिकारी (एसआई) सोहेल खान ने बताया कि मृतक राहुल बिजारनिया (23) अनंतपुरा (जोबनेर) जिला जयपुर का रहने वाला था जो शनिवार रात दस बजे अपने दोस्तों के साथ रेनवाल रोड पर स्थित एक होटल के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान कुछ गाड़ियों में छह से ज्यादा हमलावर सवार होकर आए और अचानक लाठी-डंडे से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में राहुल अपने दोस्तों के साथ भागा,लेकिन हमलावरों ने राहुल को पकड़कर लाठी-डंडे से जमकर पीट-पीट कर बेहोश की हालत में लहूलुहान राहुल को रोड किनारे छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालत गंभीर में एसएमएस अस्पताल भिजवाया। जहां इलाज के दौरान रविवार राहुल की मौत हो गई। चिकित्सकों अनुसार कहना है कि सिर में गंभीर चोट लगने के चलते राहुल की मौत हुई है। मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं मृतक के परिजनों की ओर से हत्या का मामला दर्ज करवाया गया है।

# विद्युत निगमों की टेनिस प्रतियोगिता संपन्न

**जयपुर** (कासं)। रविवार को जयपुर स्थित सभी विद्युत निगमों के खिलाड़ियों के बीच टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर क्लब में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के मुख्य कार्मिक अधिकारी अमिताभ गुप्ता ने किया। इस दौरान राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के उपनिदेशक कार्मिक मोहम्मद नासिर और उपनिदेशक मुख्यालय सुरेन्द्र व्यास भी उपस्थित रहे।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के टेनिस के दिलचस्प मुकाबलो में पुरुष सिंगल्स में जोधपुर डिस्कॉम के सहायक लेखा अधिकारी अरुण कुमार विजेता रहे तथा राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के सहायक निदेशक जनसंपर्क पवन शर्मा उपविजेता रहे।

टेनिस की पुरुष डबल्स प्रतियोगिता में उत्पादन निगम के पवन



जयपुर स्थित सभी विद्युत निगमों के खिलाड़ियों के बीच टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को जयपुर क्लब में किया गया।


शर्मा और जोधपुर डिस्कॉम के अरुण कुमार की जोड़ी विजेता तथा उत्पादन निगम के कनिष्ठ लेखाकार कृष्ण कुमार चौधरी और कनिष्ठ लेखाकार रतनलाल मीणा की जोड़ी उप विजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान सभी विद्युत

- पवन शर्मा और अरुण कुमार की जोड़ी डबल्स में रही विजेता
- सिंगल्स में अरुण कुमार विजेता रहे, जबकि पवन शर्मा उपविजेता रहे

निगमों के खिलाड़ियों ने जोश के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे प्रसारण निगम के कार्मिक अधिकारी जगदीश मीणा ने बताया कि वार्षिक खेलकूद की प्रतियोगिताओं के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को विद्युत भवन में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

## सार-समाचार

### साधना देंगी राग पहाड़ी गीतों की प्रस्तुति



**जयपुर** (कासं)। युवा कलाकार साधना रावल अपनी पुरकशिश आवाज में राग पहाड़ी पर आधारित गीत, भजन और गजलों का गुलदस्ता सजाएगी। संगीत आश्रम संस्था की ओर से यह लाइट म्यूजिक कॉन्सर्ट में 20 जनवरी, सोमवार को अपराह्न 3:00 बजे यहां शास्त्रीनगर स्थित सांइसपार्क ऑडिटोरियम में होगा। संस्था सचिव अमित अनुपम ने बताया कि कलाकार साधना रावल ने कई प्रतिष्ठित संगीत कार्यक्रमों में अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से इल्मदोस्त श्रोताओं में खास जगह बनाई है।

### स्वच्छ हवा के लिए जयपुर फोरम शुरू

**जयपुर** (कासं)। लंग केयर फाउंडेशन, दिल्ली के तत्वावधान में स्वच्छ हवा के लिए जयपुर फोरम के शुभारंभ के साथ जयपुर ने वायु प्रदूषण के खिलाफ अपनी लडाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर देखा। इस पहल का उद्घाटन चेयरपर्सन डॉ. अंकित बंसल और को-चेयरपर्सन डॉ. सनी कपूर ने किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंकित बंसल तथा डॉ. सनी कपूर ने वायु प्रदूषण के खतरों को दूर करने और कार्रवाई योग्य समाधान बनाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए यह घोषणा की। इस कार्यक्रम में विधायक कालीचरण सराफ, महापौर कुसुम यादव, राजीव अरोड़ा, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. राजीव खुराना, डॉ. अनुराग शर्मा, नीरव बंसल और अशोक वैद सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने विभिन्न क्षेत्रों से सामूहिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण 30 से अधिक डॉक्टरों को लंग केयर फाउंडेशन का जीवन सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान करना था, जो स्वच्छ हवा और बेहतर फेफड़ों के स्वास्थ्य के लिए उनके समर्पण और प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। इस महत्वपूर्ण मिशन में अगली पीढ़ी की भागीदारी का प्रतीक 100 से अधिक स्कूली छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

### साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करेंगे

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में साइबर अपराधों के खिलाफ बुलंद रहने वाली एक युवा आवाज "व्हाट नॉउ" ने ऐलान किया कि उन्होंने "महाराजाओं की धरती" राजस्थान में, हर कीमती जिंदगी को साइबर बुलिंग के खतरे से बचाने और सुरक्षित रखने के लिए साइबर हैरेसमेंट, साइबर बुलिंग के खिलाफ एक राज्यव्यापी अभियान शुरू कर दिया है। व्हाट नॉउ के को-फाउंडर और एयू कॉर्पोरेट एडवाइजरी एंड लीगल सर्विसेज (एयूसीएल) के फाउंडर अक्षत खेतान ने बताया कि यह ग्राउंडब्रेकिंग कैम्पेन, ऑनलाइन एब्यूज के लगातार फैलते जा रहे डर को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा, साथ ही हेल्पलाइन नंबर 9019115115 के जरिए, तत्काल और भरोसेमंद सहायता प्रदान करेगा। ब्रांड एंबेसडर ताहा शाह बादुशा ने कहा कि साइबरबुलिंग और साइबर हैरेसमेंट से निपटने वाली व्हाट नॉउ की इस ग्राउंडब्रेकिंग इनीशिएटिव का हिस्सा बनने पर मुझे गर्व है।

## रेलवे में नौकरी के नाम पर 16.40 लाख रुपए ठगे

**जयपुर**। गांधी नगर इलाके में रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर दो दोस्तों से 16.40 लाख ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार मित्रपुरा सवाई माधोपुर निवासी सुभाष चौधरी ने मामला दर्ज करवाया कि रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर बबूल मीणा ने उससे व उसके दोस्त ऋषिकेश से 16.40 लाख रुपए ले लिए। रुपए लेने के बाद भी आरोपी ने उनको नौकरी नहीं लगाई और न ही उन्हें रुपए वापस लौटा रहे है। आरोपी रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। इससे परेशान होकर पीडित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिफ में सिनेप्रेमियों को कला और कहानी कहने के विभिन्न रंग देखने-सुनने को मिले

**जयपुर** (कासं)। 17वें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) के तीसरे दिन रविवार को जीटी सेंट्रल ओडी में दुनिया भर की 61 फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई। सिनेप्रेमियों को कला और कहानी कहने के विभिन्न रंग देखने को मिले। इन फिल्मों में 16 फीचर फिक्शन, 34 शॉर्ट फिक्शन और एक प्रभावशाली डॉक्यूमेंट्री फीचर शामिल रहीं। विश्व सिनेमा के बदलते परिदृश्य पर चर्चाएं हुईं, जिसमें उद्योग विशेषज्ञों, फिल्मकारों और सिनेमा प्रेमियों ने हिस्सा लिया।

फिल्म निर्माण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के एकीकरण पर पैनल चर्चा में तकनीकी प्रगति के अवसरों और चुनौतियों खास रहीं। द कलर्स ऑफ राजस्थान सत्र में संगीतविद् केसी मालू, फिल्मकार गजेंद्र श्रोत्रिय और अभिनेता एस. सागर ने राजस्थानी सिनेमा की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा

- जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में रविवार को 61 फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई

की। चर्चा में क्षेत्रीय फिल्म निर्माण में गहरी सांस्कृतिक समझ और रणनीतिक मार्केटिंग दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। वर्तमान में यूट्ययूब पर राजस्थानी संगीत की सफलता की चर्चा करते हुए वीणा म्यूजिक के योगदान को सराहा गया।

हालांकि, राजस्थानी सिनेमा में इसी तरह की सफलता का अभाव है। सत्र के अंत में क्षेत्रीय फिल्म उद्योग को मजबूत करने के लिए कई सुझाव दिए गए, जिनमें स्थापित कलाकारों के साथ निरंतर काम करना, रणनीतिक मार्केटिंग, और बॉलीवुड और टॉलीवुड की तरह एक स्थायी बाजार विकसित करने की आवश्यकता शामिल थी। भारतीय अभिनेत्री देवयानी बेटरबेट के साथ सत्र भ्भी रोचक रहा।

एक नवोदित निर्देशक के रूप में देवयानी की फिल्म हैंडकरचीफ क्वीन का भी महोत्सव में प्रदर्शन किया गया। सिनेमा बियॉन्ड बॉर्डर्स पैनल ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सह-निर्माण के अवसरों की खोज की। जबकि फिल्म फंडिंग पर सत्र ने उभरते फिल्मकारों के लिए व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान की। एक विचारोत्तेजक सत्र में फिल्म निर्माण के संगम की पड़ताल की गई। उद्योग विशेषज्ञ निवेदन राठी, अंतर्राष्ट्रीय फिल्मकार उवे श्वार्जवाल्डर और फिल्मकार प्रशांत मंबुली ने मनोरंजन के परिदृश्य को बदलती कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) पर विभिन्न दृष्टिकोण साझा किए।

## शोभायात्रा व भजन संध्या आयोजित

**जयपुर**। टीडा गेला दादीजी के दिव्य रथ का स्वागत जयपुर के दादी भक्तों के द्वारा किया गया। श्री दुर्गा मंदिर अंबाबाड़ी में विशाल शोभा यात्रा की शुरुआत दादीजी की विशेष आरती के साथ की गई।

शोभायात्रा दोपहर 2 बजे उत्सव स्थल 2 सेक्टर विद्याधर नगर पहुंची, जहां भक्तों द्वारा प्रसादी लेने के बाद शाम 4 बजे से भव्य कीर्तन का शुभारंभ हुआ। इस कीर्तन में सर्वप्रथम गणेश वंदना के साथ भजनों का शुरुवात की गई। मूलचंद बजाज, नेतन शर्मा, प्रदीप बजाज, प्रमोद पोद्दार, राजकुमार बजाज, श्रीराम बजाज, मुरारी बजाज, ईशान बजाज के अलावा अन्य भक्तों ने दादी के दरबार में भावभीनी भजनों की प्रस्तुति दी। संजय बजाज और ललित बजाज ने कार्यक्रम का संचालन किया।